इतिहास कक्षा 10वीं

अध्याय - 6

''काम, आराम और जीवन''

याद रखने योग्य बातें :-

1. महानगर - किसी प्रांत अथवा देश की घनी जनसंख्या वाला विशाल नगर जो प्रायः वहाँ की राजधानी भी होता है।
2. शहरीकरण - किसी स्थान के शहर अथवा कस्बे के रूप में विकसित होने की प्रक्रिया।
3. परोपकारी - वह व्यक्ति जो समाज के हित के लिए काम करता है।
4. टेनेमेंट्स - बहुत अधिक भीड़ वाले कामचलाऊ मकान। ऐसे मकान प्रायः बड़े शहरों के गरीब इलाकों में पाए जाते थे।
5. संयमता आंदोलन - इस आंदोलन में मुख्यतः कामकाजी लोगों में शराब का उपयोग कम करने पर बल दिया जाता था।
6. श्वासारोधन - ऑक्सीजन की कमी के कारण 'दमघुटना'
7. व्यक्तिवाद - समुदाय की बजाय व्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अधिकारों पर बल दिया जाना।
8. बैरॉन हॉसमान - एक वास्तुकार था जिसने नेपोलियन तृतीय के शासनकाल में फ्रांस को एक अति सुंदर शहर का रूप दिया।
9. प्रेजीडैंसी शहर - ब्रिटिश शासन के अधीन बंबई, बंगाल, मद्रास आदि प्रैजीडैंसी शहर थे क्योंकि ये प्रेजीडैंसियों की राजधानियाँ थीं।
10. भूमि विकास - दलदली अथवा डूबी हुई जमीन को रहने या खेती करने या अन्य किसी काम के लायक बनाना।
11. धुआँ निरोध कानून - कलकत्ता भारत का पहला शहर था जहां धुआँ निरोधक कानून पारित किया गया।

12. बाम्बे इम्प्रुवमेंट ट्रस्ट की स्थापना 1898 में हुई।

13. बगीचों के शहर की अवधारणा - वास्तुकार व योजनाकार एवंनेजर हावर्ड ने प्रस्तुत की।

14. ब्रिटेन के दो प्रारंभिक औद्योगिक नगर - लीड्स और मैनचेस्टर

1 अंकीय लघु प्रश्न :-

1. दुर्गाचरण राय ने कलकत्ता नगर के विषय में कौन सा उपन्यास लिखा ?
2. किसने गार्डन सिटी अवधारणा का सिद्धांत बनाया ?
3. चार्टिज्म आंदोलन किसलिए था ?
4. 17वीं शताब्दी में बंबई कितने टापुओं का शहर था ?
5. दुनियाँ की सबसे पहली रेलगाड़ी किन दो स्टेशनों के बीच दौड़ी ?
6. किसको लौह दैत्य कहा गया ?
7. भारत का कौन सा शहर मायापुरी कहलाता है ?
8. नवम्बर 1857 में लंदन में हुई पुलिस कार्यवाही को किस नाम से याद किया जाता है ?
9. कलकत्ता में धुआँ निरोधक कानून कब पारित हुआ ?
10. फिल्म 'राजा हरिशचन्द्र' का निर्माता कौन था ?
11. चॉल किसे कहते हैं ?
12. अंग्रेजों से पूर्व बम्बई किसके अधिकार क्षेत्र में थी ?

लघु/दीर्घ 3/5 अंक वाले प्रश्न :-

1. गैरेथ स्टेडमैन जोन्स के शब्दों में 19वीं सदी के लंदन में पाँच प्रमुख उद्योग कौन से थे ?
2. 19वीं शताब्दी में लंदन शहर की आबादी के निरन्तर बढ़ने के कारणों को स्पष्ट करो ?

3. लंदन को साफ करने के लिए कौन से कदम उठाए गए ?

4. लंदन में आए उन सामाजिक परिवर्तनों की व्याख्या करें जिनके कारण भूमिगत रेलवे की जरूरत पैदा हुई। भूमिगत रेलवे की आलोचना क्यों हुई ?

5. औद्योगीकरण के फलस्वरूप लंदन शहर में मनोरंजन तथा अवकाश के क्षेत्र में हुए सामाजिक परिवर्तनों के उदाहरण दीजिए।

6. उन्नीसवीं सदी के मध्य में बंबई की आबादी में भारी वृद्धि क्यों हुई ?

7. 18वीं शताब्दी में लंदन में महिलाओं द्वारा अपनी आय बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों को स्पष्ट कीजिए ?

8. दुर्गाचरण राय के अनुसार कलकत्ता का शहरी जीवन किन तरीकों से विरोधी छवियों को प्रस्तुत करता था ?

9. बम्बई नगर कुछ लोगों के लिए सपनों का नगर तथा अन्य के लिए कठिनाइयों का नगर क्यों है ?

10. बम्बई की अधिकतर फिल्में शहर में बाहर से आने वालों की जिन्दगी पर आधारित क्यों होती थीं ?

11. शहर की विशाल जनसंख्या एक अवसर भी थी और एक खतरा भी - इस कथन की पुष्टि करो।

12. बम्बई के विकास में सहायता के लिए चलाए गए भूमि विकास की विभिन्न परियोजनाओं का वर्णन करो ?

उत्तर माला :-

एक अंकीय लघु प्रश्नों के उत्तर :-

1. देबगानेर मर्त्ये आगमन

2. एवेनेजर हावर्ड

3. वयस्क पुरुष मताधिकार के लिए

4. सात

5. पैडिंग्टन से फैरिंग्टन

6. लंदन भूमिगत रेल

7. बम्बई

8. खूनी रविवार

9. 1863 में

10. दादा साहब फाल्के

11. अस्थाई कामचलाऊ मकान

12. पुर्तगालियों के।

लघु/दीर्घ 3/5 अंकीय प्रश्नों के उत्तर :-

1. (1) परिधान एवं जूता उद्योग

   (2) लकड़ी एवं फर्नीचर उद्योग

   (3) धातु एवं इंजीनियरिंग उद्योग

   (4) छपाई व स्टेशनरी उद्योग

   (5) शल्य चिकित्सा उपकरण एवं घड़ी उद्योग।

2. (1) 1810 से 1880 के बीच सत्तर वर्षो के दौरान लंदन की जनसंख्या 10 लाख से बढ़कर 40 लाख हो गई।

   (2) कुशल एवं शारीरिक श्रम करने वालों की संख्या में वृद्धि।

   (3) पाँच प्रकार के उद्योग के कारण अवसरों की अधिकता।

   (4) कारखाने, मोटरकार और बिजली उपकरण खुलने से लंदन की तरफ लोगों का आकर्षण बढ़ा।

3. (1) अपार्टमेन्ट के विशाल ब्लॉक बनाए गए।

   (2) किराया नियंत्रण कानून लागू किया गया।

(3) ब्रिटिश राज्य ने स्थानीय शासन के साथ मिलकर 10 लाख मकान बनाए।

(4) भूमिगत रेलवे का निर्माण।

4. भूमिगत रेलवे की आवश्यकता उत्पन्न करने वाले सामाजिक परिवर्तन :

(1) गंदी बस्तियों की भरमार, निर्धन लोगों की अकाल मृत्यु।

(2) 1917 की रूसी क्रांति से भय।

(3) मजदूरों का आंदोलन।

(4) समाज सुधार भावना जागृत होना।

(5) निर्धनों के लिए गृह निर्माण योजना पर विचार।

(6) कारखानों से घर दूर होने के कारण परिवहन साधन की जरूरत।

(7) सघन आबादी के कारण भूमिगत रेलवे लाइन का निर्माण।

आलोचना (भूमिगत रेलवे की)

(1) भवनों को तोड़ना पड़ा

(2) बड़ी संख्या में लोग विस्थापित।

(3) सुरंग के भीतर रेल के चलने से कोयले के कण, गंध और धुएँ से यात्रियों का दम घुटना।

5. लंदन में औद्योगीकरण के फलस्वरूप दो विरोधी वर्ग उभरे अमीर तथा गरीब वर्ग

(1) अमीरों के मनोरंजन के लिए लंदन सीजन।

(2) मजदूर वर्ग - पब या शराब खाने।

(3) आम जनता - पुस्तकालय, कलादीर्घाएँ तथा संग्रहालय

(4) निम्न वर्ग - संगीत सभाएँ तथा हॉल

(5) सिनेमा / समुद्र के किनारे घूमना।

6. (1) 1819 में बंबई को प्रेसीडेंसी नगर बनाया जाना।

(2) 1854 और 1921 के बीच 85 सूती वस्त्र मिलों की स्थापना।

(3) 1870 के दशक तक 22 वर्ग मील की समुद्र में डूबी हुई बंबई की भूमि का विकास होना।

(4) बंबई फिल्म उद्योग केन्द्र बन गया।

(5) बंदरगाह के कारण रोजगार के अवसर बढ़े।

7. (1) घर पर काम करना, सूत कातना, कपास साफ करना कपड़े रंगना।

(2) फैक्ट्रियों में श्रमिक।

(3) घर के फालतू स्थान किराए पर देना।

(4) सिलाई, बुनाई, माचिस बनाना।

8. (1) कलकत्ता ब्रिटिश राज्य की राजधानी थी। वर्षा का देवता वरूण देवताओं को रेल में बिठाकर यात्रा कराता है।

(2) देवता प्रदूषण व धुआँ देख चकित हो जाते हैं।

(3) जगमगाते महानगर की चकाचौंध से देवता प्रभावित होते हैं।

(4) कलकत्ता में रोजगार की भरमार थी पर वहाँ ठग, चोर व भयंकर गरीबी भी थी।

9. (1) बंबई शहर अपने व्यापार, कारोबार व उद्योगों के कारण अप्रवासियों को आकर्षित करता है।

(2) बंबई आशाओं तथा अवसरों का नगर था।

(3) फलता-फूलता व्यापार निवेश के लिए पूंजी की उपलब्धता ने फिल्म उद्योग को सपनों की दुनियाँ बना दी।

(4) विकास के साथ समस्याएँ-गंदी बस्तियाँ, चॉलों की भरमार, लोगों की दयनीय स्थिति तथा लगातार संघर्ष और जीवित रहने के लिए कड़ी मेहनत।

10. (1) अधिकांश फिल्में बनाने वाले निर्देशक, प्रोडयूसर, पटकथा लेखक, नाटककार और कलाकार अप्रवासी थे जो बम्बई में दूर-दूर से आए थे। इसलिए वे उनसे ही संबंधित प्रसंगों में अधिक रूचि रखते थे।

(2) अप्रवासी विशेष रूप से श्रमिक और फैक्टरी कर्मचारी जो कारूणिक जीवन जी रहे थे। उनके जीवन को आसानी से फिल्म प्रंसगों में बदला जा सकता था।

(3) पुरानी फिल्में 'सी.आई.डी. (1956), गैस्ट हाउस (1959) अप्रवासियों की समस्याओं से सम्बन्धित थी।

11. (1) बेहतर रोजगारों की सुविधा और बेहतर जीवन स्तर यह लोगों के लिए एक अवसर था।

(2) खतरा - बढ़ती आबादी शहरों में बढ़ते अपराध जैसे लंदन का खूनी रविवार।

12. (1) 1864 में मालाबार हिल से कोलाबा के आखिरी छोर तक के पश्चिम तट को विकसित करने का ठेका बैक बे रिक्लेमेशन कंपनी को मिला।

(2) 1870 तक शहर का क्षेत्रफल 22 वर्ग किलोमीटर तक पहुँच गया।

(3) आबादी बढ़ने के कारण भूमि विकास परियोजना बॉम्बे पोर्ट ट्रस्ट के अंतर्गत शुरू की गई, जिसने एक सूखी गोदी का निर्माण किया। खुदाई से निकली मिट्टी का इस्तेमाल बालार्ड एस्टेट और मरीन ड्राइव के लिए किया गया।